भारत सरकार
Government of India

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,
Geological Survey of India
केंद्रीय मुख्यालय, हिंदी अनुभाग
Central Headquarter, Hindi Section
29, जवाहर लाल नेहरू रोड,
29, J.L. Nehru Road
कोलकाता/ Kolkata -700016

पत्र सं. 662 - 708 ई.11014/2/2017/53/हिंदी दिनांक: 14.06.2018

सेवा में
भाभूस, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के
समस्त सदस्य (संलग्न सूची के अनुसार)
भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण,
केंद्रीय मुख्यालय, कोलकता

विषय: दिनांक 26.06.2018 को कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन

Sub : The Meeting of The Official Language Implementation Committee - 26.06.2018

महोदय,

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन डॉ. दिनेश गुप्ता, महानिदेशक महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 26.06.2018 (मंगलवार) को अपराह्न 03:00 **बजे ओल्ढ़म हॉल** में किया जाएगा। बैठक में विचारणीय कार्यसूची नीचे दी गई है।

-: बैठक की कार्यसूची :-

1. गत बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि
2. मार्च, 2018 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा
3. राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) का अनुपालन
4. हिंदी टिप्पण/आलेखन से संबंधित प्रोत्साहन योजनाएँ
5. हिंदी संवर्ग के पदों की समीक्षा के विषय में चर्चा
6. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय

आपसे अनुरोध है कि भाभूस, केंमु की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में अपनी उपस्थिति अनिवार्यतः सुनिश्चित करने की कृपा करें।

भवदीया,
मीनू त्रिपाठी
(मीनू त्रिपाठी) 14/6/2018
सहायक निदेशक (राजभाषा)
कृते उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी

पत्र सं. 710 ई. 11014/2/2017/53/हिंदी दिनांक: 14.06.2018

<u>प्रतिलिपि प्रेषित</u> :

1. महानिदेशक महोदय के वरिष्ठ निजी सचिव, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता-सूचनार्थ।
2. निदेशक, भू-आंकड़ा प्रभाग भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय कोलकाता- अनुरोध है कि इसे जीएसआई पोर्टल पर अपलोड करने की कृपा करें।

मीनू त्रिपाठी
(मीनू त्रिपाठी) 14/6/2018
सहायक निदेशक (राजभाषा)
कृते उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्यों की सूची

1. डॉ. दिनेश गुप्ता, महानिदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति
2. श्री कमलाकान्त पण्डा, अपर महानिदेशक (वित्त)
3. श्री कृष्णन दुराईसामी, अपर महानिदेशक एवं राष्ट्रीय मिशन प्रमुख, मिशन- I
4. श्री ए. तिरुवेंगडम, अपर महानिदेशक (नीति समर्थन तंत्र)
5. श्री सुरेश नारायण मेश्राम, अपर महानिदेशक (प्रशासनिक समर्थन तंत्र) एवं विभागाध्यक्ष
6. श्री पी.ए. रमेश बाबू, अपर महानिदेशक, एसटीएसएस
7. श्री जी. विद्यासागर, अपर महानिदेशक, एवं राष्ट्रीय मिशन प्रमुख, मिशन-IV
8. सुश्री जयती घोष, उप महानिदेशक (का. एवं प्रशा.)
9. श्री एफ. खरशींग, उप महानिदेशक, रसायन
10. श्री घनश्याम गोन्नाड़े, उप महानिदेशक, मिशन-IIIग एवं राजभाषा अधिकारी
11. डॉ. एस. राजू, उप महानिदेशक, अंतर्राष्ट्रीय मामले
12. श्री गजेन्द्र कुमार केशरी, उप महानिदेशक, मिशन-Iए
13. श्री के. जयबालन, उप महानिदेशक, मिशन-IVए
14. श्री जी. सुरेश, उप महानिदेशक, मिशन-IVसी
15. श्रीमती मीता गांगुली दास, उप महानिदेशक, मिशन-Iए-जीसीएस
16. श्रीमती संयुक्ता साहू, उप महानिदेशक, मानव संसाधन विकास
17. श्री प्रदिप्त तरफदार, उप महानिदेशक, नीति समर्थन तंत्र
18. श्री पी. के. सिन्हा, उप महानिदेशक, मिशन-IIIए
19. श्रीमती निहारिका झा, उप महानिदेशक, मिशन-IIIबी
20. श्री अजय अग्रवाल, मुख्य अभियंता (अभियांत्रिकी)
21. श्री शांतनु साहा, मुख्य सतर्कता अधिकारी
22. श्री शैलेंद्र कुमार कुलश्रेष्ठ, निदेशक (कार्मिक)
23. श्री ए.एस. सेंति वडिवेल, निदेशक (प्रशासन)
24. श्री नीलेश कटियार, निदेशक (वित्त) (कार्यपालक अभियंता)
25. श्री शिवाजी गुप्ता, निदेशक एवं कार्यालय अध्यक्ष
26. श्री ए.के. यादव, भंडार नियंत्रक
27. श्री एच.एम. मिश्रा, संयुक्त निदेशक (का. एवं प्रशा.)
28. श्री संदीप गोस्वामी, वरिष्ठ भूवैज्ञानिक एवं नियंत्रण अधिकारी
29. श्री एम.जी. राजू, उप निदेशक (का. एवं प्रशा.), एपीएआर
30. श्री एस. दास राय, उप निदेशक (का. एवं प्रशा.), 19ए
31. श्री सलिल चट्टोपाध्याय, उप निदेशक (का. एवं प्रशा.), प्रशासनिक सतर्कता/प्रलेख
32. श्री तडित रंजन दास, उप निदेशक (का. एवं प्रशा.), 19बी
33. श्री रंजीत कुमार सिंह, उप निदेशक (का. एवं प्रशा.), 19ए
34. श्री सुरंजन मुखोपाध्याय, विधि अधिकारी
35. श्री तड़ित दास, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), विधि अनुभाग
36. श्री राजेश घोष, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), विधि अनुभाग
37. श्री असीत मंडल, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), 19ए
38. श्रीमती सोमा चटर्जी, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), कार्मिक
39. श्री प्रदीप दे, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), लेखा-I
40. श्री एस. सी. बोस, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), आरटीआई प्रकोष्ठ
41. श्री जयदेव गायन, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), सतर्कता
42. श्री रत्नेश प्रसाद, सहायक निदेशक (का. एवं प्रशा.), 19बी
43. श्रीमती मिताली पाल चौधुरी, सहायक पुस्तकालय एवं सूचना अधिकारी
44. सुश्री वंदना इम्मानुएल, सहायक निदेशक (राजभाषा)
45. श्री अमित कुमार झा, सहायक निदेशक (राजभाषा)
46. श्रीमती मीनू त्रिपाठी, सहायक निदेशक (राजभाषा)
47. श्री पुरुषोत्तम प्रसाद साहू, सहायक निदेशक (राजभाषा)

दिनांक 23.03.2018 को आयोजित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

श्री एन. कुटुम्ब राव, महानिदेशक एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केन्द्रीय मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 23.03.2018 को अपराह्न 3:00 बजे ओल्ढम हॉल में आयोजित की गई। इस बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची अंत में दी गई है।

श्री घनश्याम गोन्नाड़े, उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी ने समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए इस बैठक की रूपरेखा और महत्व का परिचय दिया।

तत्पश्चात, श्रीमती मीनू त्रिपाठी, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने विस्तृत कार्यसूची प्रस्तुत की।

1. पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि

पिछली बैठक के कार्यवृत्त की सर्वसम्मति से पुष्टि की गई।

2. पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर अनुवर्ती कार्रवाई

सहायक निदेशक (राजभाषा) ने पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की संक्षिप्त जानकारी देते हुए समिति को सूचित किया कि :

- राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3(3) के तहत आने वाले दस्तावजों का राजभाषा अनुभाग द्वारा अनुवाद करके संबंधित अनुभाग/प्रभाग को उपलब्ध कराया जा रहा है।
- राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 का शत-प्रतिशत अनुपालन किया जा रहा है।
- आवरण पत्र हिंदी में तैयार करके हिंदी में ही हस्ताक्षर कर हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।
- राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार हेतु महापुरुषों की उक्तियों वाली पट्टिकाएं कार्यालय के सभी प्रमुख स्थानों पर लगवा दी गई हैं।
- वित्त वर्ष 2016-17 के लिए मूल टिप्पण एवं आलेखन प्रतियोगिता हेतु प्राप्त प्रविष्टियों के आधार पर 02 अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया है।
- फाइल कवर पर द्विभाषी (हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों में) टिप्पणी छपवाने हेतु संबंधित सामग्री भंडार नियंत्रक को भेज दी गई है।
- "Story of GSI" का हिंदी अनुवाद कार्य संपन्न हो चुका है और इसे पुनरीक्षण एवं प्रकाशन हेतु प्रकाशन प्रभाग को सौंप दिया गया है।
- कार्यालय के सभी कंप्यूटरों में हिंदी में कार्य करने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना तैयार कर ली गई है। शीघ्र ही इस कार्य को संपन्न कर लिया जाएगा।
- भाभूस, केंद्रीय मुख्यालय की हिंदी गृह पत्रिका भूमंथन अंक-6 का प्रकाशन कार्य अंतिम चरण में है। इसमें केंद्रीय मुख्यालय सहित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के विभिन्न कार्यालयों से प्राप्त कुल 41 रचनाओं का प्रकाशन किया जा रहा है।

- 14 जून, 2017 को भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय में आयोजित अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी राजभाषा संगोष्ठी में प्रस्तुत शोध लेखों/आलेखों के संकलन का प्रकाशन कार्य अंतिम चरण में है।
- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए वर्ष 2017-18 के दौरान भाभूस के कुल 14 अधीनस्थ कार्यालयों एवं केंद्रीय मुख्यालय के 13 अनुभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों का राजभाषायी निरीक्षण किया गया।
- हिंदी में प्रशिक्षण सामग्री की तात्कालिक आवश्यकता को देखते हुए भाभूस, प्रशिक्षण संस्थान, हैदराबाद को आउटसोर्सिंग के माध्यम से अनुवाद कार्य शीघ्र संपन्न कराने का निदेश दिया गया है।
- भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, केंद्रीय मुख्यालय, कोलकाता में दिनांक 08.3.2018 को **"स्पीच टू टेक्स्ट के माध्यम से हिंदी में टाइपिंग"** विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 43 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया।

3. दिसम्बर, 2017 की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा

सहायक निदेशक (राजभाषा) ने सूचित किया कि केंद्र सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार कार्यालयाध्यक्ष/हस्ताक्षरकर्ता तिमाही हिंदी प्रगति रिपोर्ट के प्रेषण के लिए जिम्मेदार होते हैं। भाभूस, केंद्रीय मुख्यालय के लिए हिन्दी पत्राचार का निर्धारित लक्ष्य 55% है। 'क', 'ख' और 'ग' तीनों ही क्षेत्रों के लिए पत्राचार संबंधी उपलब्धि कम है जिसे बढ़ाने की आवश्यकता है।

(कार्रवाई: समस्त अनुभाग/प्रभाग एवं राजभाषा अनुभाग)

4. कार्यालय में प्रयुक्त नाम पट्टों व सूचना पट्टों का द्विभाषीकरण/त्रुटि सुधार

सहायक निदेशक ने समिति को अवगत कराया कि राजभाषा अनुभाग द्वारा कार्यालय के अधिकारियों के नाम पट्टों तथा विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों से संबंधित पट्टिकाओं में त्रुटि सुधार करने/द्विभाषी बनाने हेतु सर्वेक्षण कार्य किया गया है। कुल 198 नाम पट्टों/पट्टिकाओं में त्रुटि सुधार/द्विभाषीकरण किया जाना अपेक्षित है।

इस संबंध में, उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी महोदय ने सुझाव दिया कि संबंधित सभी अनुभागों/प्रभागों/प्रकोष्ठों/अधिकारियों को नाम पट्टों/पट्टिकाओं में त्रुटि सुधार/द्विभाषीकरण करवाने के लिए प्रशासन अनुभाग द्वारा पत्र जारी किया जा सकता है।

महानिदेशक महोदय ने इस पर सहमति जाहिर करते हुए यह भी निदेश दिया कि भविष्य में ऐसी त्रुटियां न हो, इस हेतु कार्यालय में सभी नाम पट्ट/पट्टिकाएं बनवाए जाने से पूर्व राजभाषा अनुभाग द्वारा अनिवार्य रूप से पुनरीक्षित (Vetted) करवाए जाएं।

(कार्रवाई: समस्त अनुभाग/प्रभाग एवं राजभाषा अनुभाग)

5. अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन

सहायक निदेशक ने समिति को जानकारी दी कि अखिल भारतीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी राजभाषा संगोष्ठी हेतु कुल 18 शोधपत्र/आलेख प्राप्त हुए हैं। यह संगोष्ठी दिनांक 18 मई, 2018 को पूर्वोत्तर क्षेत्रीय मुख्यालय, शिलांग में आयोजित की जाएगी।

(कार्रवाई: पूर्वोत्तर क्षेत्रीय कार्यालय, शिलांग एवं राजभाषा अनुभाग)

6. हिंदी संवर्ग के पदों की समीक्षा

सहायक निदेशक ने समिति को सूचित किया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के विभिन्न कार्यालयों में कार्य की आवश्यकता व हिंदी पदों के सृजन संबंधी मानकों को ध्यान में रखते हुए राजभाषा अनुभाग, केंद्रीय मुख्यालय द्वारा राजभाषा संवर्ग से संबंधित विभिन्न पदों के पुनर्गठन का प्रस्ताव महानिदेशक महोदय को सौंपा गया है।

श्री एच.एम. मिश्रा, संयुक्त निदेशक (का. एवं प्रशा.) ने समिति को बताया कि तकनीकी कारणों से जीएसआई के विभिन्न कार्यालयों में पदोन्नति के माध्यम से भरे जाने वाले राजभाषा संवर्ग के पदों पर पदोन्नति लंबित है। कनिष्ठ अनुवादकों के रिक्त पदों को शीघ्र भरने के लिए कर्मचारी चयन आयोग को अनुरोध पत्र भेजा गया है।

7. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई विषय

अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गईः

i. बैठक में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्वोत्तर क्षेत्रीय मुख्यालय, शिलांग के विभागाध्यक्ष श्री मुल्ख राज जरंगाल ने सुझाव दिया कि यदि टिप्पण प्रस्तुत करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा हिंदी में टिप्पण लिखा जाए तो उच्च अधिकारीगण भी हिंदी में टिप्पण करेंगे।

ii. उप महानिदेशक एवं राजभाषा अधिकारी ने बताया कि अब जीएसआई के कई राज्य इकाई कार्यालय भी अपनी हिंदी गृह पत्रिका का प्रकाशन कर रहे हैं। महानिदेशक महोदय ने इसकी सराहना की।

iii. महानिदेशक महोदय ने निदेश दिया कि जीएसआई के जिन कार्यालयों में जनशक्ति की कमी है, वहां कार्यों की अधिकता और तात्कालिकता को ध्यान रखते हुए आउटसोर्सिंग के माध्यम से हिंदी अनुवाद कार्य संपन्न करवाया जा सकता है।

(कार्रवाई: भाभूस के सभी कार्यालय और केंमु. के समस्त अनुभाग/प्रभाग एवं हिंदी अनुभाग)

अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा अनुभाग द्वारा हिन्दी के प्रचार–प्रसार हेतु किए जा रहे कार्यों की सराहना की और समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों पर अमल करते हुए सभी अनुभागों/प्रभागों से अधिक-से-अधिक कार्य हिन्दी में करके, सरल हिंदी में टिप्पण लिखकर तथा हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिंदी में ही देकर राजभाषा हिंदी की प्रगति में योगदान देने की अपील की।

अंत में श्री अमित कुमार झा, सहायक निदेशक (राजभाषा) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक संपन्न हुई।